Girls'High School And College, Prayagraj
Work Sheet No.8
Session-(2020-2021)
Class-2(A-F)
Subject-Hindi
Topic-अनुच्छेद लेखन

अभिभावकों के लिए निर्देश-अभिभावक अनुच्छेद लेखन के विषय में बच्चों को बतायें और अनुच्छेद लेखन के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को समझायें। अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि बच्चे नीचे लिखे गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़ें और याद करें। अभ्यास् के लिए दिए अनुच्छेद को बच्चों से लिखवाएँ।

अनुच्छेद लेखन- किसी भी विषय पर मन में आने वाले विचारों और भावों को क्रम बद्ध तरीके से बारह, पंद्रह वाक्यों में लिखना अनुच्छेद लेखन कहलाता है।अनुच्छेद लेखन में कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। जैसे -

(१) अनुच्छेद बहुत बड़ा न हो।

(२) शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करना चाहिए।

(३) वाक्य छोटे-छोटे और एक -दूसरे से सम्बद्ध (जुड़े) हुए हों।

(४) भाषा सरल और प्रभावशाली हो।

अनुच्छेद- विषय- कोई पशु

<u>गाय</u>

गाय एक पालतू पशु है। यह काले,भूरे और सफेद रंग की होती है। गाय स्वभाव से बहुत सीधी होती है। यह बिना कारण किसी को नहीं मारती। गाय एक समझदार पशु है और अपने मालिक के आदेशों को समझती है। गाय घास,भूसा, चारा और अनाज सभी बहुत चाव से खाती है।यह एक शाकाहारी पशु है।

गाय का बछड़ा बड़ा हो कर बैल बनता है ।यह खेत जोतने में हल खींचने का काम करता है। गाय के गोबर से खाद बनती है जो खेती के लिए बहुत उपयोगी होती है। गाय हमें दूध देती है। गाय के दूध से घी, दही, मक्खन, पनीर, छाछ और मिठाइयाँ बनती हैं। दूध से गर्मी के मौसम में आइसक्रीम और कुल्फी भी बनती है। गाय के दूध में कैल्शियम और विटामिन्स पाए जाते हैं। गाय का दूध बच्चों के लिए एक सम्पूर्ण पौष्टिक आहार है। गाय की उपयोगिता को देखते हुए ही उसे पूज्यनीय माना जाता है।

अभ्यास- निम्नलिखित निर्देशों के आधार पर (प्रिय फल) विषय पर अनुच्छेद लिखिए-

१-फल का नाम

२-फल के उपलब्ध होने वाली ऋतु (मौसम) का नाम

३-फल का आकार,रंग और प्रकार

४-फल का स्वाद और पौष्टिकता

५- फल के अन्य उपयोग

End